# “आग” विषय पर आधारित एक अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया

By Shreyash Panchal May 28, 2022

3 0



**फरीदाबाद,जनतंत्र टुडे**

नई दिल्ली स्थित रक्षा अनुसंधान एवम विकास संस्थान के सहयोग से महाविद्यालय के सभागार में "**आग**" विषय पर आधारित एक अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय प्राचार्य डा. कृष्ण कांत गुप्ता जी के कुशल सरंक्षण में किया गया । कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डा. ललिता गुप्ता , वैज्ञानिक एफ , डीआरडीओ, नई दिल्ली थी । मंच संचालिका डा. निशा गिल के द्वारा सभी अतिथिगण का स्वागत किया गया एवम श्रीमती कमल टंडन, कार्यवाहक प्राचार्य ने अतिथि का पौधा भेंट करके सत्कार किया । तदोपरांत मुख्य अतिथि एवम वक्ता डा. ललिता गुप्ता ने अपना व्याख्यान दिया । उन्होंने आग की परिभाषा के साथ आग के प्रकारों के बारे में बताया। उन्होंने बताया की किसी जगह पर आग लगने के क्या-2 कारण हो सकते हैं और उन कारणों व कारकों के अनुसार आग को कैसे बुझाया जाए । वक्ता ने इस बात पर भी प्रकाश डाला की आग लगने की आपातकालीन स्थिति में कैसे अपनी और साथियों की जान बचाई जा सकती है । इस व्याख्यान में लगभग 143 छात्रों ने भाग लिया । यह कार्यक्रम डा. संजीव कुमार गुप्ता के कुशल निर्देशन में कराया गया। अंत में श्री रविन्द्र जैन ने धन्यवाद ज्ञापन दिया । इस कार्यक्रम में डा. अजीत यादव , मनीष शर्मा ,शिवानी, अर्चना , दीपिका एवम विकास भी मौजूद रहे । सुरक्षा पर आधारित इस प्रकार के कार्यक्रम छात्रों जरूरत के समय पर सही कदम उठाने के लिए प्रेरित करते हैं।